p>

Title: Need to ckeck drug abuse amongst youth and establish a Deaddiction Centre and Rehabilitation Centre in Sirsa, Haryana.

श्रीमती सुनीता दुग्गल (सिरसा): आदरणीय अध्यक्ष जी, बहुत-बहुत धन्यवाद । हमारे हरियाणा में जो युवा हैं, उनमें जिस तरह से ड्रग्स एडिक्शन बढ़ता जा रहा है, उसकी तरफ मैं सरकार का ध्यान दिलाना चाहती हूं । मैं यह कहना चाहती हूं कि हमारा हरियाणा प्रदेश चारों तरफ से पंजाब और राजस्थान से घिरा हुआ है । हमारे जो युवा बच्चे हैं, उनमें ड्रग्स एडिक्शन बढ़ती जा रही है । वहां पाकिस्तान से भी स्मग्लिंग होकर ड्रग्स आते हैं । उन बच्चों में लड़के तथा लड़कियां भी हैं । इसकी वजह से उन बच्चों की मौत भी हो जाती है । सोशल स्टिग्मा की वजह से उनके माँ-बाप यह भी नहीं बता सकते हैं कि इन बच्चों की मौत किस वजह से हुई है । मुझे खुद उनके घरों में जाना पड़ा है । यह बहुत ही दुखद स्थिति है । सरकार से मेरा आग्रह है कि ड्रग्स के अंदर जो स्मग्लर्स हैं, उनके खिलाफ सख्त से सख्त कोई कानून आए । इसके साथ-साथ हर जगह रिहैबिलिटेशन तथा डिएडिक्शन सेन्टर खोले जाएं । मैं सिरसा लोक सभा क्षेत्र की बात कर रही हूं । मैं बॉर्डर पर स्थित डबवाली, कालांवाली, रानियां, नरवाना तथा रतिया की बात कर रही हूं । वहां हमारे युवाओं में बहुत ज्यादा ड्रग एडिक्शन फैल रहा है ।

अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि हमारे क्षेत्र में डिएडिक्शन और रिहैबिलिटेशन सेन्टर बनाए जाएं । सरकार उन सभी स्मग्लर्स के खिलाफ सख्त से सख्त कानून लेकर आए । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

____